भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भाविप्रा ने अपने हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 2.0 आरम्भ किया

नई दिल्ली, 03 अक्टूबर 2022 : माननीय प्रधानमंत्री के "स्वच्छ भारत" के विजन के अनुरूप, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्वच्छता पर बल देते हुए 02 अक्टूबर 2022 से अपने हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर भारत सरकार के विशेष अभियान 2.0 की शुरुआत की। भारत सरकार ने पत्रों के समय पर निपटान और एक स्वच्छ कार्य स्थल के महत्व पर ज़ोर देते हुए 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक विशेष अभियान 2.0 की घोषणा की है ।

श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने भाविप्रा के भोपाल हवाई अड्डे पर 01 अक्टूबर, 2022 को विशेष अभियान 2.0 की शुरुआत की। उन्होंने हवाई अड्डे पर कर्मचारियों और हितधारकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर बल दिया।

इस अभियान में चिन्हित स्थलों की आंतरिक और बाहरी सफाई, फील्ड/बाहरी कार्यालयों में अभिलेख प्रबंधन, फाइलों की छंटाई और सार्वजनिक शिकायतों, संसद सदस्यों, राज्य सरकारों की अपीलों और पत्रों तथा संसद के आश्वासनों का निपटान शामिल हैं। इस एक महीने लंबे अभियान के अंतर्गत भाविप्रा के हवाई अड्डों और संबंधित कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें पानी की सभी टंकियों का निरीक्षण, कबाड़ सामग्री और अनुपयोगी वस्तुओं का निपटान शामिल है। कार्यालयों में अभिलेख प्रबंधन में सुधार लाने के उद्देश्य से भौतिक अभिलेखों के डिजिटलीकरण और स्थान प्रबंधन योजना के लिए प्रयास किए जाएंगे।

इससे पहले प्रारंभिक चरण में 15 सितंबर 2022 से 31 सितंबर 2022 तक, कार्यालयों में अभियान स्थलों को अंतिम रूप दिया गया था और इस अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को जागरूक और सक्रिय किया गया।

निगमित संचार निदेशालय द्‌वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 26/2022-23

श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, भाविप्रा के भोपाल हवाई अड्डे पर विशेष अभियान 2.0 के शुभारंभ के दौरान।

भाविप्रा के **विभिन्न हवाई अड्डों और स्थापनाओं में स्वच्छता अभियान**